

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 14 मई, 2026

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर पथराव

## एएसपी की गाड़ी, जेसीबी समेत कई वाहन क्षतिग्रस्त, ढौढ़न बांध क्षेत्र में भड़का आक्रोश



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 मई.** जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम पर ग्रामीणों द्वारा अचानक पथराव किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. इस हमले में एडिशनल एसपी (एएसपी) के वाहन सहित करीब आधा दर्जन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई है. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया. जानकारी के अनुसार,

**कार्रवाई शुरू होते ही बिगड़ी स्थिति**

**वाहन और मशीनों को बनाया निशाना**

प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल के साथ ढौढ़न बांध क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुँचा था. जैसे ही अमले ने अपनी कार्यवाही शुरू की, वहाँ मौजूद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. देखते ही देखते विरोध ने उग्र रूप ले लिया और भीड़ ने पुलिस प्रशासन की टीम पर पत्थरों की बारिश कर दी.

उग्र भीड़ के हमले में एडिशनल एसपी की गाड़ी के शीशे टूट गए और कई अन्य पुलिस वाहनों को नुकसान पहुँचा. इसके अलावा, अतिक्रमण हटाने के काम में लगी जेसीबी मशीन के साथ भी तोड़फोड़ की गई. बताया जा रहा है कि इस पत्थरबाजी में कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें भी आई हैं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है.



**पहले से बना हुआ था विरोध का माहौल**

विदित हो कि केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर विस्थापितों और ग्रामीणों में मुआवजे एवं सर्वे को लेकर पहले से ही गहरा असंतोष व्याप्त था. प्रशासन सतर्कता के साथ कदम उठा रहा था, लेकिन इस घटना ने तनाव को चरम पर पहुँचा दिया है.

**पहचान और कानूनी कार्रवाई शुरू**

पुलिस बल भेजा गया है. प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को शांत करने में जुटे हैं. पुलिस ने उपद्रवियों की पहचान के लिए वीडियोग्राफी और स्थानीय इनपुट का सहारा लेना शुरू कर दिया है. दोषियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और हिंसा फैलाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है.

# एसडीएम कोर्ट के कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

## ■ तहसील परिसर में मचा हड़कंप ■ कोर्ट में चपरासी पद पर पदस्थ थे महेंद्र सेन

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 मई.** बड़ामलहरा तहसील कार्यालय परिसर में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एसडीएम कोर्ट में पदस्थ एक कर्मचारी का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला. मृतक की पहचान वार्ड क्रमांक 8 निवासी महेंद्र कुमार सेन के रूप में हुई है. इस आत्मघाती कदम के पीछे के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है.

जानकारी के अनुसार, महेंद्र कुमार सेन एसडीएम कोर्ट में चपरासी के पद पर कार्यरत थे. जैसे ही अन्य कर्मचारियों और लोगों को घटना की जानकारी मिली, तहसील परिसर में हड़कंप मच गया. देखते ही देखते मौके पर



भारी भीड़ जमा हो गई. अपने ही एक साथी कर्मचारी द्वारा कार्यालय परिसर में ऐसा कदम उठाए जाने से प्रशासनिक अमला और अन्य कर्मचारी स्तब्ध हैं.

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा. पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए. इसके बाद शव को फंदे से उतारकर पंचनामा बनाया गया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया.

प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, लेकिन महेंद्र ने यह कठोर कदम क्यों उठाया, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है. पुलिस मृतक के परिजनों और सहकर्मियों से पूछताछ कर रही है ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी.

# पेपर लीक के आरोपी के तार सीहोर से जुड़े

**सीहोर 13 मई.** नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक निवासी शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है. आरोपी का संबंध सीहोर स्थित श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी से बताया जा रहा है, जिसके बाद मामले के तार सीहोर से भी जुड़ने की आशंका जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार शुभम खैरनार ने वर्ष 2021 में विश्वविद्यालय के आयुर्वेद चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था. हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में कथित धांधली के आरोपों के बीच राजस्थान पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है. इधर, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मामले से दूरी बनाते हुए कहा है कि शुभम का संस्थान से केवल नाममात्र का संबंध रहा है.

**नीट पेपर लीक मामला**

**अमेरिका समेत भारत के 139 जिलों में हुआ आयोजन**

# गुरु की साधना की सिद्धि के लिए गूंजा 'हनुमान चालीसा' पाठ

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 मई. समूची दुनिया में सनातन का ध्वज फहराने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों बद्रीनाथ धाम की पावन वादियों में कठिन साधना में लीन हैं.**

महाराज श्री की इस साधना की निर्विघ्न पूर्णता और विश्व कल्याण की कामना के साथ मंगलवार को भारत सहित विदेशों में भी सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत इस आयोजन में लाखों शिष्यों ने एक साथ सहभागिता निभाई. बागेश्वर धाम

- **बद्रीनाथ में साधना में लीन हैं धीरेंद्र शास्त्री**
- **1 लाख से अधिक पाठ होने का अनुमान**

के सेवादार पवन मिश्रा ने बताया कि प्रारंभ में 11 हजार पाठ का संकल्प लिया गया था, लेकिन उत्साह इतना था कि सामाजिक संगठनों और शिष्य मंडलों की संख्या 200 के पार निकल गई. यूट्यूब लाइव के माध्यम से भी डेढ़ हजार से अधिक स्थानों के लोग जुड़े, जिससे पाठ की कुल संख्या 1 लाख के ऊपर पहुंचने का अनुमान है. भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर भक्ति भाव से हनुमान जी का स्मरण किया. जिला मुख्यालय छतरपुर में मुख्य कार्यक्रम फिरंगी पछाड़ श्री हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया. यहाँ बड़ी संख्या में भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ. शिष्य मंडल के प्रभारी राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि देश के 139 जिलों में सक्रिय मंडलों ने मंगलवार रात ठीक सवा 8 बजे एक साथ पाठ शुरू किया. कई स्थानों पर निर्धारित 5 पाठ के स्थान पर श्रद्धालुओं ने उत्साहवश 7, 9 और 15 पाठ भी किए.



**सात समंदर पार सनातन की गूंज**

बागेश्वर धाम सरकार के प्रति अटूट आस्था का नजारा केवल भारत में ही नहीं, बल्कि नेपाल और अमेरिका में भी देखने को मिला. वहाँ मौजूद शिष्य मंडलों ने भी स्थानीय समयानुसार सामूहिक अनुष्ठान में भाग लिया. धाम के सचिव राजेंद्र मिश्रा के अनुसार, इस विशेष आयोजन का उद्देश्य महाराज श्री की साधना में शक्ति सृजित करना है ताकि वे लोक-कल्याण और जन समस्याओं के निराकरण हेतु और अधिक समर्थ हो सकें. भक्तों का कहना है कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की एकता और अटूट विश्वास का प्रमाण है.

**एक नजर में**



### नशे में धुत एएसआई पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**चंदला/छतरपुर.** चंदला थाना क्षेत्र में पदस्थ एक एएसआई का शराब के नशे में हंगामा करने का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों ने एएसआई के.एल. वर्मा पर सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने, धमकाने और धार्मिक टिप्पणी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एएसआई नशे की हालत में लोगों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे. जब स्थानीय नागरिकों ने उनके इस व्यवहार का विरोध किया, तो उन्होंने कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली टिप्पणी की. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी का आचरण सवालों के घेरे में है. ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से आरोपी पुलिसकर्मी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है. मामले में पुलिस के आला अधिकारियों की प्रतिक्रिया का इंतजार है.

### महिला मंडल 18 से कराएगा कथा

**सीहोर.** शहर के खंजाची लाइन में अधिकमास पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 18 मई सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर गुरुवार को महिला मंडल के तत्वाधान में भगवान गणेश, नृसिंह भगवान, हनुमान और भैरव बाबा के यहां पर निमंत्रण पत्र भेंट किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और समाजजन शामिल रहे. सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने बताया कि आगामी 18 मई से होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के द्वारा की जाएगी. धर्मशाला में कथा की तैयारियां शुरू हो गई है. वहीं महिला मंडल द्वारा भागवत कथा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.

# निहारिका और आशी का 'सुपर हंड्रेड' में चयन

## भोपाल और इंदौर में रहकर करेंगी नीट-जेईई की तैयारी

**घुवारा/भगवां, 13 मई.** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी 'सुपर हंड्रेड' योजना में भगवां क्षेत्र की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा

**शासन उठाएगा कोचिंग और रहने का पूरा खर्च**

की दो मेधावी छात्राओं ने स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है.

छात्रा निहारिका सेन और आशी जैन के चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय



परिवार और समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है. निहारिका सेन का चयन सुभाष एक्सीलेंस स्कूल, भोपाल के लिए हुआ है. आशी जैन को मल्हार आश्रम, इंदौर में प्रवेश मिला है. ये दोनों छात्राएं अब प्रदेश के इन प्रतिष्ठित संस्थानों में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेंगी.

**नि:शुल्क मिलेगी नीट और जेईई की कोचिंग**

सुपर हंड्रेड योजना के तहत इन छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी. निहारिका और आशी को नीट और जेईई जैसी कठिन परीक्षाओं के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निशुल्क कोचिंग दी जाएगी. इसके साथ ही उनके रहने, खाने और पढ़ाई का पूरा खर्च मध्य प्रदेश शासन द्वारा वहन किया जाएगा.

**क्षेत्र में हर्ष का माहौल**

छात्राओं की इस उपलब्धि पर कन्या विद्यालय घुवारा के प्राचार्य और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं का इस स्तर पर चयन होना अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा.

# भंवरा ग्राम को मिली 4 करोड़ की सीसी रोड की सौगात

**आष्टा.** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत भंवरा में 4 करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से सिद्धेश्वर धाम तक बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया.

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य जारी हैं और आने वाले समय में हर गांव को विकास की नई सौगातें मिलेंगी. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल जीवन मिशन, नर्मदा पार्वती लिंक योजना सहित कई बड़ी योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम में राजा भोज की प्रतिमा स्थापना के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की. करीब 65 लाख रुपए के अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया. इन कार्यों में 25.50 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण, 25 लाख रुपए के नए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, 10 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा 5 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण शामिल है.

# 15 वर्षों से सड़क के लिए तरस रहे वार्ड 19 के निवासी

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 19 के निवासियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। पिछले 15 सालों से पक्की**

**कीचड़ और गड्ढों के बीच रहने को मजबूर हैं वार्डवासी**

**सड़क के लिए मोहताज वार्डवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गुहार लगाई।**

ग्रामीणों का आरोप है कि डेढ़ दशक से वे मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।



**हर बार मिला सिर्फ आश्वासन**

वार्ड वासियों ने बताया कि उन्होंने पिछले 15 वर्षों में कई बार स्थानीय पार्षद, नगर पालिका अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित आवेदन दिए हैं। चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले नेता सड़क बनवाने का वादा तो करते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही वार्ड की सुध लेने वाला कोई नहीं होता। आलम यह है कि सड़क न होने से बारिश के दिनों में यह इलाका टापू बन जाता है और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी दूभर हो जाता है।

**सड़क डलवाने की मांग**

सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे वार्ड वासियों ने आवेदन देते हुए कहा कि सड़क न होने से न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि इमरजेंसी के समय एंबुलेंस और अन्य वाहन भी मोहल्ले के भीतर नहीं आ पाते। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

**फोरलेन प्रोजेक्ट** — **एनएचएआई को मिली ड्रोन सर्वे की अनुमति, खजुराहो-मैहर की दूरी होगी कम**

# एनएच-93 की पन्ना घाटी में बनेगा 'हवाई पुल'

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 मई.** बुंदेलखंड की जीवनरेखा कहे जाने वाले नेशनल हाईवे 93 के कायाकल्प की दिशा में एक ऐतिहासिक सफलता मिली है. बमीठा से सतना तक प्रस्तावित 105 किलोमीटर लंबे फोरलेन प्रोजेक्ट के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बन रही पन्ना घाटी का समाधान अब तकनीक के जरिए निकाल लिया गया है.

इस दुर्गम क्षेत्र में अब ड्रोन सर्वे के जरिए सड़क निर्माण की रूपरेखा तैयार की जाएगी.

**अनिश्चितता के बादल छंटे, मिली अनुमति-** पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरने वाली इस घाटी में निर्माण कार्य को लेकर लंबे समय से संशय बना हुआ था. हाल ही में, एपीसीसीएफ वन्यप्राणी भोपाल ने टाइगर रिजर्व के 13 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन सर्वे की अनुमति एनएचएआई को दे दी है. इस अनुमति के मिलते ही प्रोजेक्ट ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है.

**13 किमी लंबा 'एलिवेटेड रोड' होगा समाधान-** घाटी का रास्ता घुमावदार होने के साथ-साथ वन्यजीवों का प्रमुख



गलियारा भी है. जमीन पर फोरलेन बनाने से हजारों पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के मूवमेंट में बाधा आने का खतरा था. इसे देखते हुए एनएचएआई ने यहाँ 13 किमी लंबा एलिवेटेड फोरलेन (हवाई पुल) बनाने का निर्णय लिया है.

**डीपीआर के बाद शुरू होगा भू-अधिग्रहण-** ड्रोन सर्वे से प्राप्त सटीक भौगोलिक डेटा के आधार पर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी. मंत्रालय से मंजूरी मिलते ही भू-अधिग्रहण और टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी.

**पर्यटन और व्यापार को लगेंगे पंख**

यह फोरलेन केवल एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास का द्वार साबित होगा. इससे खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व और मैहर आने वाले पर्यटकों की राह आसान होगी. साथ ही सतना के सीमेंट उद्योगों और छतरपुर के व्यापारिक केंद्रों के बीच माल ढुलाई तेज और सस्ती हो जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे.

# लैब असिस्टेंट युवती से किया दुष्कर्म

## आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 13 मई. शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक लैब में काम करने वाली युवती के साथ विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

### विवाह का प्रलोभन देकर किया शोषण

जानकारी के अनुसार, पीड़िता सिविल लाइन क्षेत्र की एक लैब में कार्यरत है. आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया. जब युवती ने विवाह का दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा. परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली.

नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अरुण कुमार सोनी ने बताया कि युवती की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए महिला थाने में दुष्कर्म की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

सीएसपी सोनी ने बताया कि आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं. पुलिस द्वारा आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया जाएगा.